**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–15 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- देव दीपावली पर आज वाराणसी में नमो घाट का औपचारिक उद्घाटन करेंगे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़। प्रज्ज्वलित किये जायेंगे सत्रह लाख दीप।
- छात्रों की मांग पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने एक दिन में ही पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा कराने का लिया निर्णय। आरओ–एआरओ की परीक्षा टली।
- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट का लखनऊ में किया शुभारम्भ। कहा– सरकारी विभागों को भी बिना मीटर नहीं मिलेगी बिजली।
- कार्तिक पूर्णिमा पर आज पवित्र नदियों में डुबकी लगा पूजा–पाठ और दान–पुण्य कर रहे श्रद्धालु।

**********

देव दीपावली के अवसर पर आज वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर सहित विभिन्न जिलों में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर काशी में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नमो घाट का औपचारिक उद्घाटन करेंगे और दीपोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। काशी के घाटों पर सत्रह लाख दीप प्रज्ज्वलित किये जायेंगे। इस दौरान केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी, प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। उपराष्ट्रपति की उपस्थिति में दिया जलाने का कार्यक्रम संपन्न होगा और 84 घाटों पर देव दीपावली की शुरुआत होगी। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

***प्राचीनता और आधुनिकता के साथ तालमेल मिलाकर चलती काशी के घाटों की श्रृंखला में एक और पक्का घाट जुड़ गया है। यह वाराणसी के पहले मॉडल घाट के रूप में जुड़ा है। इसका विस्तार नमो घाट से आदि केशव घाट लगभग 1.5 किलोमीटर हुआ है। घाट की बनावट और अंतरराष्ट्रीय सुविधा के साथ नमस्ते का स्कल्पचर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। जल, थल और नभ से जुड़ने वाले यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकाप्टर भी उतारा जा सकता है। यहां फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन, ओपन एयर थियेटर, कुंड, फ्लोटिंग जेटी परबाथिंग कुंड तथा चेंजिंग रूम का भी निर्माण हुआ है। नमो घाट का पुनर्निर्माण दो फेजों मे किया गया है। इसका निर्माण 81000 स्क्वायर मीटर में 91.06 करोड़ से किया गया है। उदघाटन के साथ ही देव दीपावली कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस बार देव दीपावली के मौके पर पहली विदेशी कलाकारों द्वारा शिव तांडव कार्यकम का भी आयोजन होगा। मनीष सिंह, आकाशवाणीसमाचार, वाराणसी।***

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा एक पाली में कराने का निर्णय लिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में छात्रों की मांग का संज्ञान लेते हुए आयोग को एक दिन में पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 के संबंध में छात्रों से संवाद एवं समन्वय कर आवश्यक निर्णय लेने को कहा है। आयोग द्वारा आरओ–एआरओ (प्री.) परीक्षा–2023 के लिए एक समिति गठित की गई है। समिति सभी पहलुओं पर विचार कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी।

23 और 24 दिसंबर को तीन पालियों में होने वाली समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की भर्ती परीक्षा भी स्थगित कर दी गई है। इन परीक्षाओं को कब कराया जाए, इस पर समिति जल्द ही निर्णय लेगी।

यूपीपीएससी के अभ्यर्थी इस साल परीक्षा को दो दिनों में विभाजित करने के राज्य लोक सेवा आयोग के फैसले का चार दिन से विरोध कर रहे थे। परीक्षाएं 7 और 8 दिसंबर को दो पालियों में आयोजित होने वाली थीं। आयोग ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत के बाद एक दिन में परीक्षा कराने का फैसला लिया है।

**********

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कल लखनऊ में डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2024 की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी विद्युत कम्पनियों को इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए समन्वय बनाकर उत्पादन और वितरण के लिए कार्य करना होगा जिससे विद्युत उपभोक्ताओं पर न ज्यादा बोझ पड़े और न ही कम्पनियों को घाटा हो। कार्यक्रम के पश्चात केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विभागों को भी बिना मीटर के बिजली नहीं दी जाएगी।

***सबसे पहले प्रीपेड मीटर्स सरकारी विभागों में ही लगेंगे ताकि सरकार यानी जो विभाग है वो अपने पैसे से पहले प्रीपेड का खर्च करके तभी बिजली ले पायेगा। नेता बिजली नहीं ले पायेगा इसलिए पहले फेस में प्रीपेड वही लग रहे हैं जहाँ तक पिछले जो बचे हुए हैं उन बचे हुए में भी सब प्रदेशों ने कहा कि वो एक टाइम बाउंड प्रोग्राम के साथ/सोर्स पर उसका पैसा निकाल लिया जाए। सारा डेटा लेकर के रीकन्सील करेंगे ये सब अकाउन्ट्स को ताकि वित्त मंत्रालय की ओर से ही उस पैसे को लेकर के विभाग को दे दिया जाए। सब्सिडी भी लगभग लगभग प्रदेश सब दे रहे हैं जहाँ–जहाँ डिफाल्टर्स हैं।***

**********

साहित्य अकादमी के बाल साहित्य पुरस्कार–दो हजार चौबीस का कल लखनऊ में वितरण किया गया। इस बार यह पुरस्कार हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी सहित चौबीस भारतीय भाषाओं में किया गया। हिन्दी का पुरस्कार देवेन्द्र कुमार और उर्दू में पुरस्कार समसुल इस्लाम फारूखी को दिया गया है। मैथिली भाषा के तहत नारायण को यह पुरस्कार मिला। इसी तरह अन्य जिन भाषाओं में बाल साहित्य पुरस्कार दिये गये हैं, उनमें असमिया, बांग्ला, बोडो, डोगरी, गुजराती, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकड़ी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, राजस्थानी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल और तेलुगू शामिल हैं। इस अवसर पर साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधो कौशिक और साहित्यकार सूर्य प्रताप दीक्षित सहित कई साहित्यकार मौजूद रहे।

**********

प्रदेश भर में आज काार्तिक पूर्णिमा और गरू नानक देव की जयंती मनायी जा रही है। कार्तिक पूर्णिमा पर लोग पवित्र नदियों और सरोवरो में स्नान कर के पूजा पाठ और दान पुण्य कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में पवित्र नदियों के तटों पर मेले भी लगे हैं। अयोध्या के कार्तिक पूर्णिमा मेले का आखिरी चरण का मुख्य स्नान शुरू हो गया है। भारी संख्या में श्रद्धालु वहां सरयू नदी में स्नान कर के पूजा पाठ कर रहे हैं। पूर्णिमा स्नान के साथ ही लगभग एक महीने से कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं का अपने–अपने घरो को वापस लौटना भी शुरू हो गया है। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***आज अयोध्या के कार्तिक पूर्णिमा मेले के मुख्य स्नान में लाखों श्रद्धालु पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाकर डेढ़ किलोमीटर लम्बे सरयू तट पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण कर रहे हैं और अनुष्ठान पूर्ण करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ नागेश्वर नाथ, कनक भवन ,हनुमान गढी,राम जन्म भूमि और श्री राम बल्लभा कुञ्ज सहित प्रमुख मंदिरों की ओर लगातार बढ़ रही हैं ,जहाँ भीड़ के दबाव के चलते दर्शनार्थियों को जत्थे–जत्थे में छोडा जा रहा है।अयोध्या में हर ओर धार्मिक जयघोष,हवन–पूजन और प्रवचन के कार्यक्रम से समूचा वातावरण धार्मिक बना हुआ है । इस बीच कल्पवासी भी कल्पवास और उपवास का उद्यापन आंवले के वृक्ष के नीचे पूजन–अर्चन से कर रहे हैं । आज परम्परागत ढंग से सभी मंदिरों में देव दीपावली भी मनाई जायेगी और दिन ढलते ही सरयू मां की फूल बंगले की झांकी सजाकर महा आरती की जायेगी.  तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

उधर, प्रयागराज, वाराणसी, बलिया, गोरखपुर, पीलीभीत, कन्नौज और अमरोहा सहित कई अन्य जिलों में भी कार्तिक पूर्णिमा का स्नान ब्रम्हमुहूर्त से ही शुरू हो गया है।

**********

प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कल गाजियाबाद विधानसभा में पार्टी उम्मीदवार के लिए चुनावी सभा की। उधर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के रुदापुर में जनसभा में सपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया और भाजपा पर निशाना साधा।

**********

गौतम बुद्ध नगर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आज से विमानों के ट्रायल की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रतिदिन दो से तीन विमानों का ट्रायल किया जाएगा, यह प्रक्रिया लगभग एक महीने तक चलेगी, और इस दौरान करीब 70 विमानों का ट्रायल होगा।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगजनी मामले में सीसामऊ सीट से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की जमानत मंजूर कर ली है, लेकिन कोर्ट ने फिलहाल सजा पर रोक नहीं लगाई। यह आदेश जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस सुरेन्द्र सिंह की बेंच ने इरफान सोलंकी की तरफ से दाखिल अपील पर पारित किया। कानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने आगजनी केस में इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी को 7 वर्ष की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द हो गई थी और सीसामऊ सीट रिक्त हो गई थी।

**********